कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना

का.आ.सं.: प्रशा.-I(ले.प.)/विविध प्रतिवेदन (स्था. व पद.)/2021-22/ग :187 दिनाकं:-19.08.2021

कार्यालय आदेश

स्वच्छता के लिए जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया है कि कार्यालय परिसर, आवासीय परिसर एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई के उद्देश्य से, प्रत्येक शनिवार को कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारीयों की सहभागिता से स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। कर्मचारियों/अधिकारीयों की सहभागिता पूर्ण रूप से स्वैच्छिक होगी तथा कार्यक्रम में महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उप महालेखाकार (प्रशासन) एवं अन्य उप महालेखाकार भी सम्मिलित होंगे। ऐसे कर्मचारी/अधिकारी जो इस कार्यक्रम/अभियान में सहभागिता के इच्छुक हैं, प्रशासन --I अनुभाग में अपना सम्मति/स्वेच्छा दिनांक 29/08/2021 तक, इस आदेश के साथ संलग्न प्रपत्र में समर्पित कर सकते हैं ।

सक्रिय रूप से स्वच्छता कार्यक्रम/अभियान में भाग लेने वाले कर्मचारी/अधिकारीगण को प्रशस्ति पत्र देने पर भी विचार किया जाएगा तथा ऐसे कर्मचारी/अधिकारी अपने वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) में भी इस कार्य का उल्लेख कर सकते हैं ।

कर्मचारियों/अधिकारीयों द्वारा सम्मति/स्वेच्छा समर्पित करने के पश्चात, प्रशासन - I अनुभाग द्वारा इस कार्यक्रम/अभियान में भाग लेने वाले इच्छुक कर्मचारियों/अधिकारीयों का एक रोस्टर तैयार किया जाएगा जिसके अनुसार ही इस कार्यक्रम/अभियान में कर्मचारियों/अधिकारीयों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ।

(प्राधिकार: महालेखाकार (लेखापरीक्षा) का आदेश दिनांक 19.08.2021)

ह./-

उप महालेखाकार (प्रशासन)

प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई एवं सूचनार्थ प्रेषित:-

1. सचिव, महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना ।
2. उप महालेखाकार (प्रशासन) का सचिवालय ।
3. सभी स्कन्ध अधिकारी, स्थानीय ।
4. सभी वरीय लेखा परीक्षा अधिकारी - नियंत्री अनुभाग ।
5. सूचना पट्ट/ कार्यालय आदेश संचिका ।
6. सभी whatsapp ग्रुप ।

19/8/21

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन)

स्वच्छता कार्यक्रम में स्वेच्छिक सहभागिता हेतु प्रपत्र

मै कार्यालय द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक हूँ ।

हस्ताक्षर:

नाम:

यूनिक ID:

अनुभाग:

दिनांक: